भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 269**
19 नवम्बर, 2019को उत्तर देने के लिए

**ग्रामीण क्षेत्रों में शीतागार**

**269. सुश्री दिया कुमारीः**
क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** देश में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विद्यमान शीतागारों की संख्या/विवरण का ब्यौरा क्या है;
**(ख)** उन क्षेत्रों का ग्रामीण-क्षेत्र-वार और शहरी क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है जहाँ उक्त शीतागार अधिक संख्या में स्थित हैं;
**(ग)** क्या सरकार शीतागारों की संख्या में वृद्धि करने को उचित मानती है;और
**(घ)** यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रामेश्वर तेली)**

**(क) और (ख)**:खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की प्रधान मंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई) के घटकों के एक भाग के रूप में तथा कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग (डीएससीएंडएफडबल्यू) की स्कीमों नामतः (i) देश में बागवानी के विकास हेतु एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच) और(ii)राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड के बागवानी उत्पादों हेतु शीतागारों और भंडार गृहों के निर्माण/विस्तार/आधुनिकीकरण के लिए पूंजी निवेश सब्सिडी के माध्यम से देश में 226.69 लाख मीट्रिक टन की क्षमता के साथ कुल 5,427 शीतागारों की स्थापना की गई है । उपर्युक्त स्कीमों के अंतर्गतवित्तीय रूप से सहायता प्राप्त शीतागारों की क्षमता के साथ-साथउनका राज्य-वार वितरण **संलग्नक** पर दिया गया है ।शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों के शीतागारों का अलग-अलग आंकड़ा नहीं रखा जाता है ।

**(ग) और (घ)**:खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय,प्रधान मंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई) की अपनी स्कीमों के माध्यम से स्कीम घटकों के भाग के रूप में शीतागारों की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध करा रहा है । इसके अलावा,कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग अपनी स्कीमों नामतः (i) देश में बागवानी के विकास हेतु एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच) और(ii)राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड के बागवानी उत्पादों हेतु शीतागारों और भंडार गृहों के निर्माण/विस्तार/आधुनिकीकरण के लिए पूंजी निवेश सब्सिडी के माध्यम से देश में शीतागारों की स्थापना के लिए सहायता देता है ।

******

**संलग्नक**

## ग्रामीण क्षेत्रों में शीतागार के बारे में लोक सभा में दिनांक 19 नवम्बर, 2019 को पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 269 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण ।

| वित्तीय रूप से सहायता प्राप्त शीतागारों की क्षमता के साथ-साथ उनका राज्य-वार वितरण | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | राज्य | खाप्रउमं की स्कीमें* | | एनएचबी स्कीम# | | एमआईडीएच स्कीम# | | कुल | |
| | | शीतागारों की संख्या | क्षमता (लाख मीट्रिक टन) | शीतागारों की संख्या | क्षमता (लाख मीट्रिक टन) | शीतागारों की संख्या | क्षमता (लाख मीट्रिक टन) | शीतागारों की संख्या | क्षमता (लाख मीट्रिक टन) |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 23 | 0.48 | 134 | 6.91 | 67 | 4.01 | 224 | 11.4 |
| 2 | अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह | 2 | 0.01 | - | - | - | - | 2 | 0.01 |
| 3 | अरूणाचल प्रदेश | 3 | 0.02 | 1 | 0.04 | - | - | 4 | 0.06 |
| 4 | असम | 8 | 0.14 | 33 | 1.75 | - | - | 41 | 1.89 |
| 5 | बिहार | 11 | 0.56 | 141 | 5.74 | 29 | 1.53 | 181 | 7.83 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 9 | 0.24 | 47 | 2.46 | 14 | 0.69 | 70 | 3.39 |
| 7 | गुजरात | 28 | 0.5 | 296 | 6.23 | 503 | 23.59 | 827 | 30.32 |
| 8 | गोवा | - | - | 1 | 0.03 | - | - | 1 | 0.03 |
| 9 | हरियाणा | 23 | 0.61 | 90 | 3.16 | 66 | 2.15 | 179 | 5.92 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 28 | 0.36 | 16 | 0.53 | 36 | 0.61 | 80 | 1.5 |
| 11 | जम्मू एवं कश्मीर | 11 | 0.11 | 11 | 0.47 | 24 | 1.05 | 46 | 1.63 |
| 12 | झारखंड | 0 | 0 | 37 | 1.63 | 5 | 0.30 | 42 | 1.93 |
| 13 | कर्नाटक | 25 | 0.5 | 94 | 5.04 | 25 | 0.96 | 144 | 6.5 |
| 14 | केरल | 14 | 0.35 | 7 | 0.21 | - | - | 21 | 0.56 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 13 | 0.35 | 102 | 3.77 | 71 | 3.20 | 186 | 7.32 |
| 16 | महाराष्ट्र | 104 | 2.09 | 221 | 4.30 | 67 | 1.68 | 392 | 8.07 |
| 17 | मणिपुर | 6 | 0.03 | - | - | 1 | 0.02 | 7 | 0.05 |
| 18 | मेघालय | 0 | 0 | 1 | 0.05 | - | - | 1 | 0.05 |
| 19 | मिजोरम | 7 | 0.02 | 1 | 0.03 | - | - | 8 | 0.05 |
| 20 | नागालैंड | 6 | 0.06 | 1 | 0.05 | - | - | 7 | 0.11 |
| 21 | ओडिशा | 11 | 0.16 | 22 | 1.06 | 73 | 2.63 | 106 | 3.85 |
| 22 | पंजाब | 41 | 0.73 | 209 | 7.16 | 180 | 6.24 | 430 | 14.13 |
| 23 | राजस्थान | 25 | 0.5 | 87 | 3.25 | 30 | 1.28 | 142 | 5.03 |
| 24 | सिक्किम | - | - | - | - | 1 | 0.001 | 1 | 0.001 |
| 25 | तमिलनाडु | 44 | 0.44 | 70 | 2.46 | 1 | 0.16 | 115 | 3.06 |
| 26 | तेलंगाना | 18 | 0.33 | 4 | 0.37 | 60 | 3.53 | 82 | 4.23 |
| 27 | त्रिपुरा | 1 | 0.05 | 5 | 0.25 | - | - | 6 | 0.3 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 50 | 0.8 | 1455 | 81.60 | 312 | 16.42 | 1817 | 98.82 |
| 29 | उत्तराखंड | 58 | 0.98 | 8 | 0.20 | 11 | 0.24 | 77 | 1.42 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 28 | 0.9 | 94 | 3.31 | 55 | 2.79 | 177 | 7 |
| 31 | चंडीगढ़ | - | - | 1 | 0.002 | - | - | 1 | 0.002 |
| 32 | दिल्ली | - | - | 10 | 0.22 | - | - | 10 | 0.22 |
| | **कुल** | **597** | **11.32** | **3,199** | **142.29** | **1,631** | **73.08** | **5,427** | **226.69** |

**नोटः**

*** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की पीएमकेएसवाई के तहत एकीकृत शीत श्रृंखला एवं मूल्यवर्धन अवसंरचना स्कीम, मेगा फूड पार्क स्कीम तथा बैकवर्ड एवं फारवर्ड लिंकेज सृजन स्कीम के अंतर्गत स्थापित शीतागार ।**

**#कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग की स्कीमों के अंतर्गत स्थापित शीतागार ।**